आयोजना (जनशक्ति विभाग) - चरणबद्ध रूप से जिला गजेटियर्स का प्रकाशन

मूल्यांकन विभाग- विकास कार्यक्रमों का क्रियान्वयन

बजट २०२४-२५

★ **पर्यटन** ➜ GSDP में 5.6% की हिस्सेदारी

➜ राज्य के २० लाख परिवार पर्यटन क्षेत्र से आय/रोजगार के लिए जुड़े है।

पर्यटन विकास

- Greenfield Airport, कोटा
- Fund - Rajasthan Tourism Infrastructure & Capacity Building Fund (RTICF)
- सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए- Rajasthan Heritage Conservation & Development Authority
- खाटू श्याम जी मंदिर-
  - 100 करोड़ ₹
  - आयोध्या व काशी विश्वनाथ की तर्ज पर
- Flying Training
  - किशनगढ़ - अजमेर
  - हमीरगढ़ - भीलवाड़ा
- जयपुर
  - Jaipur Walled City Heritage Development Plan (100 Cr ₹)
  - MICE (Meetings, Incentive, Confrences Exhibition) Tourism के लिए - 'भारत मण्डपम' की तर्ज पर - "राजस्थान मण्डपम"
- खाभा पोर्ट (जैसलमेर)
  - Fossil Park
  - Open Rocks Museum

युवाओं को प्रोत्साहन देने के लिए :-

1. **Atal Enterpreneurship Programme-**
   - देश-विदेश के विभिन्न CEO की मेंटरशिप
   - इसके अन्तर्गत 10 करोड़ ₹ का 'i-Start Fund' प्रस्तावित है।

     [i-Start के अन्तर्गत LEAP (Learn, Earn, Progress) प्रोग्राम]

2. **Funds Of Funds** ➜
   - 100 करोड़ ₹
   - Startups को Equity funding के द्वारा वित्तीय सहायता

3. **Atal Innovation Studios & Accelerators-**
   - इसके अन्तर्गत Agricuture Accelerator Mission प्रस्तावित है।

4. **Business Innovation Progamme-**
   - युवावस्था (स्कूल, कॉलेज) में उद्यमशीलता विकास के लिए २० करोड़ ₹ व्यय।

अध्याय - 7 "शहरीकरण और शहरी विकास"

"शहरीकरण का तात्पर्य - जनसंख्या का ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों की ओर स्थानांतरण।"



- संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल सतत् विकास रिपोर्ट, २०२३
  - विश्व की आधी से अधिक आबादी शहरों में निवास कर रही है।
  - इसकी हिस्सेदारी वर्ष २०५० तक ६८.६६% तक होने का अनुमान है।
  - शहरों और महानगरीय क्षेत्रों का वैश्विक GDP में ८०% योगदान है।

राजस्थान में शहरीकरण

- भारत और राजस्थान में शहरी जनसंख्या की हिस्सेदारी –

	भारत	राजस्थान
वर्ष 1961	17.97%	16.28%
वर्ष २०११	31.14%	२४.८७%
२०२१ (अनुमानित)	34.43%	२६.३३%
२०३१ (अनुमानित)	37.55 %	२७.७५ %

राजस्थान की जनसंख्या (करोड़ में) –

(2001 में 5.65 करोड़)

	2011
कुल जनसंख्या	6·85
पुरुष जनसंख्या	3·55
महिला जनसंख्या	3·30

राजस्थान की शहरी जनसंख्या (लाख में) –

(2001 में 132 लाख)

	2011	2021
महिला	81	100
पुरुष	89	109
कुल	170	209

लिंगानुपात :-

• प्रति हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या

वर्ष	शहरी क्षेत्र	ग्रामीण क्षेत्र
2001	890	930
2011	914	933

स्वाधिक शहरी लिंगानुपात वाले जिले		
क्र.सं.	जिले	लिंगानुपात
1.	टोंक	985
2.	बांसवाड़ा	964
3.	प्रतापगढ़	963
4.	डूंगरपुर	951
5.	राजसमंद	948

न्यूनतम शहरी लिंगानुपात वाले जिलें		
क्र.सं.	जिले	लिंगानुपात
1.	जैसलमेर	807
2.	धौलपुर	864
3.	अलवर	872
4.	गंगानगर	878
5.	भरतपुर	887

बाल लिंगानुपात

(0-6)

वर्ष	शहरी क्षेत्र	ग्रामीण क्षेत्र
2001	887	914
2011	874	892

स्वाधिक शहरी बाल लिंगानुपात वाले जिलें		
क्र.सं.	जिले	लिंगानुपात
1.	नागौर	907
2.	बीकानेर	906
3.	भीलवाड़ा	904
4.	बारां	901
5.	चुरू	899

न्यूनतम शहरी बाल लिंगानुपात वाले जिलें		
क्र.सं.	जिले	लिंगानुपात
1.	धौलपुर	841
2.	गंगानगर	842
3.	दौसा	847
4.	अलवर	851
5.	भरतपुर,	852

साक्षरता दर

- वर्ष २००१ में राजस्थान में साक्षरता दर 60·40% थी, जो बढ़कर वर्ष २०११ में 66·11 % हो गई।
- राजस्थान के शहरी क्षेत्र के लिए साक्षरता दर वर्ष २०११ में 79·70% थी, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 61·40% थी।
- जयपुर 30·46 लाख की आबादी के साथ जनसंख्या की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा शहर है।

नोट :- बांसवाड़ा (1·01 लाख) सबसे कम शहरी जनसंख्या वाला शहर है।

⇒ जनसंख्या की दृष्टि से राजस्थान के सबसे बड़े शहर –

1· जयपुर
२· जोधपुर
3· कोटा
4· बीकानेर

↳ राजस्थान में सबसे अधिक शहरीकृत जिले (% के अनुसार सर्वाधिक शहरी क्षेत्र) –

क्र·स·	राज· के सबसे कम शहरीकृत जिले (% के आधार पर)
1·	डूंगरपुर (6·39%)
२·	बाड़मेर (6·98%)
3·	बांसवाड़ा (7·10%)
4·	प्रतापगढ़ (8·27%)
5·	जालौर (8·30%)

क्र·स·	राज· के सबसे बड़े शहरीकृत जिले (% के आधार पर)
1·	कोटा (60·31%)
२·	जयपुर (52·40%)
3·	अजमेर (40·08%)
4·	जोधपुर (34·30%)
5·	बीकानेर (33·86%)

⇒ राजस्थान में ग्रामीण से शहरी पलायन (राष्ट्रीय स्तर पर ७५४ लाख)

कारण – (राजस्थान में ३२ लाख)

	पुरुष काम रोजगार	महिला विवाह
भारत	45·06%	51·80%
राजस्थान	49·16%	59·11%

↳ भारत के कुल पलायन का = राजस्थान 4%

➡ राजस्थान में शहरी आवासों की स्थिति -



↳ राजस्थान में झुग्गी बस्ती के निवासी -

- कारण- शहरी प्रवास, उच्च बेरोजगारी, गरीबी, आर्थिक ठहराव, खराब नियोजन
- कुल आबादी – २०,६८,००० (कुल शहरी आबादी का १२.13%)

सर्वाधिक – जयपुर, कोटा, जोधपुर

% के अनुसार – (i) पीलीबंगा (74.53%) (ii) जहाजपुर (iii) केसरीसिंहपुर

राजस्थान में शहरी विकास

"राज्य में नागरिकों की सुविधाओं के व्यवस्थित और समन्वित शहरी विकास हेतु कार्यरत"

➡ 5 विकास प्राधिकरण → जयपुर, अजमेर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर

➡ १२ शहरी न्यास

➡ जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

➡ रियल एस्टेट रेग्युलेटरी ऑथोरिटी, राजस्थान (RERA)

➡ राजस्थान आवासन मण्डल

✸ जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन :-

1A = 3 जून 2015 (राज्य सरकार)

1B = 23 Sep. 2020 (ADB + राज्य सरकार)

1C = (DMRC द्वारा विस्तृत D.P.R)
↳ (राज्य सरकार)

1D = मानसरोवर से 200ft बायपास (अजमेर रोड.)
(राज्य सरकार)

Phase-II → 28.5 Km प्रस्तावित

रियल एस्टेट रेग्यूलेटरी ऑथोरिटी, राजस्थान (RERA) :-

- रियल एस्टेट रेग्यूलेशन एण्ड डवलेपमेंट एक्ट 2016, के सभी प्रावधान 1 मई 2017 से प्रभावी
- इसे राजस्थान रियल एस्टेट (रेग्यूलेशन एण्ड डवलपमेंट) नियम 2017 के नाम से अधिसूचित किया गया है।
- राज्य में स्वस्थ, पारदर्शी, कुशल और प्रतिस्पर्धी रियल एस्टेट क्षेत्र के विकास और संवर्धन हेतु राजस्थान सरकार द्वारा 6 मार्च 2018 को RERA एवं रियल एस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल (REAT) का गठन किया गया।
- RERA का वेब पोर्टल rera.rajasthan.gov.in (1 जून 2017 से शुरू)

राजस्थान आवासन मण्डल :-

- स्थापना – 24 फरवरी 1970
- राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा किए गए नवाचार –
- बुधवार नीलामी उत्सव – ई-बिड द्वारा 50% तक की छूट के साथ 156 मासिक किस्तों में आवास क्रय करने की योजना।



सजग मोबाइल App → आवासों के निर्माण की गुणवत्ता एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने हेतु।

नगर नियोजन विभाग

(1) मास्टर प्लान :-

- यह किसी भी शहर के लिए २० वर्षों के लिए कानूनी संरचनाओं के अन्तर्गत विकास का दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है।
- इसके तहत कुल २७१ नगर पालिका शहरों/कस्बों में से १९। नगरपालिका शहरों/कस्बों के मास्टर प्लान राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किए जा चुके है।

(२) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) :-

- NCR में भरतपुर, अलवर उपक्षेत्र सम्मिलित हैं।
- कोटा व जयपुर NCR के काउंटर मेगनेट शहर हैं।
- इन क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड संचालित हैं।

स्वायत शासन विभाग

(1) दीनदयाल अन्त्योदय योजना/ राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM)-

- स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन को पुनर्गठित किया गया है।
- 213 नगर निकायों में लागू।

(2) छोटे एवं मध्यम कस्बो में शहरी आधारभूत ढांचे की विकास योजना :-

- यह योजना जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन में चयनित शहरों/कस्बों को छोड़कर सभी शहरों/कस्बों में लागू की गई है।
- नोडल एजेंसी (RUDSICO)- राजस्थान शहरी पेयजल, सीवरेज एवं आधारभूत निगम
- शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा अमृत योजना के अनुसार इस योजना में प्रगति वाली 11 परियोजनाओं में हिस्सा राशि 40:20:20 (केन्द्र:राज्य: ULB) कर दी गई।

(3) राजीव आवास योजना (RAY) :-

- भारत सरकार के द्वारा 16 शहर के लिए 13 परियोजनाएँ स्वीकृत
- शहरों की स्लम (झुग्गी झोपड़ी) फ्री बनाने का प्रयास
- इसमें स्वीकृत परियोजनाओं को भारत सरकार द्वारा 'सबके लिए आवास' में शामिल किया जा चुका है।

(4) राजस्थान अर्बन डवलपमेंट फंड-IInd → गठन - 25 Aug. 2021

स्मार्ट सिटी मिशन

- शुरूआत - जून 2015
- मिशन में 5 वर्षों की अवधि में 100 शहरों को सम्मिलित किया गया है।
- भारत सरकार अनुदान के रूप में प्रत्येक शहर के लिए 100 करोड़ ₹ (प्रतिवर्ष) एवं इसके समान ही राशि राज्य सरकार/नगरीय निकाय द्वारा 5 वर्ष के लिए देने का प्रावधान है।

- जयपुर, उदयपुर, कोटा व अजमेर (KAJU) को इस सूची में शामिल किया गया है

अमृत (AMRUT) मिशन - (अटल मिशन रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफोर्मेशन)

- जून 2015 से शुरूआत (केन्द्र सरकार की योजना)
- इसके तहत स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े हुए 500 शहरो में जलापूर्ति सुविधाएँ, सीवरेज नेटवर्क, स्टॉर्मवाटर, नालियाँ, शहरी परिवहन तथा खुले तथा हरे भरे स्थानो का विकास शामिल हैं।
- राजस्थान से इसमे कुल 29 शहरों का चयन किया गया हैं।

↳ अमृत 2.0 :-

- 1 अक्टूबर, 2021
- सीवरेज, जल निकायो के जीर्णोद्धार एवं जलापूर्ति के कार्य हेतु कार्यक्रम
- लक्ष्य- 2025-26 तक 'हर घर नल' द्वारा पेयजल उपलब्ध करवाना।

आबादी	केन्द्र सरकार का हिस्सा
1 लाख से कम	50%
1 से 10 लाख	33.33%
10 लाख से अधिक	25%

↳ LED लाईट परियोजना - 19 स्थानीय निकायों में कार्य पूर्ण।

↳ एनर्जी सेविंग प्रोजेक्ट → राजस्थान में स्ट्रीट लाईटिंग में ऊर्जा बचत करने के लिए।

↳ 31 मार्च, 2024 तक 12.02 लाख LED लाईटें लगाई जा चुकी है।

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) - 2.0

- इसके अंतर्गत समस्त शहरी स्थानीय निकायों को ODF घोषित किया जा चुका हैं।
- शुभारंभ - अक्टूबर 2021 से स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0
  ↳ अवधि 2 अक्टूबर 2026 तक (5 वर्ष)

श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना :-

- पूर्व नाम- इन्दिरा रसोई योजना
- शुरूआत – २० Aug २०२०
- लक्ष्य - 'लक्ष्य अंत्योदय - प्रण अंत्योदय - पथ अंत्योदय"
- प्रदेश के सभी २५० नगरीय निकायों में १००० इंदिरा रसोई शुरू की जा चुकी हैं।
- इसके तहत 8 ₹ प्रति थाली में दोपहर व रात्रि में भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। तथा इसके लिए राज्य सरकार द्वारा २२ ₹ प्रति थाली अनुदान दिया जाता है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी):-

- उद्देश्य – बेघर व आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग (वार्षिक आय 3 लाख ₹) व अल्प आय वर्ग (वार्षिक आय 3 लाख से 6 लाख) के परिवारों को सस्ते आवास उपलब्ध करवाना है।

राजस्थान परिवहन आधारभूत विकास निधि :-

- उद्देश्य – २०११-१२ में गठित राज्य में सुरक्षित, प्रदूषण रहित, द्रुतगामी एवं सुगम शहरी यातायात प्रबन्धन हेतु।

"स्वायत्त शासन विभाग द्वारा किए गये नवाचार"

प्रशासन शहरों के संग अभियान :- २ अक्टूबर २०२१ से चलाया गया था।

→ आम नागरिकों की नगरीय निकायों से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए।

इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना :- इसके तहत शहरी क्षेत्र के 5 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को 50,000 ₹ तक का ब्याज मुक्त ऋण।

(शुरुआत- २०२१)

- उद्देश्य
  - रोजगार/ स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने हेतु।
  - रोजमर्रा की जरूरतों के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध करवाने हेतु।

इंदिरा गाँधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना – (3 सितम्बर, 2022)

उद्देश्य - 18 से 60 वर्ष आयु के शहरी व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध करवाना।

➤ 100 + 25 = 125 दिवस का रोजगार उपलब्ध करवाना।

(2023-24 में)

बजट 2024-25

- पेरी अर्बन क्षेत्रों के सुनियोजित विकास के लिए
  - ➤ Rajasthan Regional & Urban Planning Bill - 2024 प्रस्तावित
- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना (घोषणा)
  - ➤ 500 करोड़
  - ➤ प्रत्येक जिले की आवश्यकताओं एवं समस्याओं का निस्तारण।
  - ➤ क्रियान्वयन हेतु – जिला स्तर पर विशेषज्ञों की मिशन टीम
- Bio/ Pink Toilet Complex –
  - ➤ नगरीय क्षेत्रों के बाजारों व सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं के लिए
- मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना -
  - ➤ 'प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना' की तर्ज पर शहरी क्षेत्रों एवं कस्बों में स्ट्रीट वेंडर्स के साथ अन्य जरूरतमंद एवं असहाय परिवारों के उत्थान के लिए।
- प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना -
  - ➤ कमजोर वर्ग के लाभार्थी को ₹5,000 ₹ अतिरिक्त अनुदान।

अध्याय - 8 " शिक्षा एवं स्वास्थ्य "



विद्यालयों के प्रकार

नाम	शुरुआत	कक्षा	विशेष
1. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय	2004-05 से	6-12	316 स्कूलों की संख्या
2. मेवात बालिका आवासीय विद्यालय	2015 से	6-8	मेवात क्षेत्र कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्रावास का निर्माण।
3. स्वामी विवेकानन्द सरकारी स्कूल	2016 से	6-12	अंग्रेजी माध्यम CBSE पैटर्न 55% सीटें बालिकाओं के लिए आरक्षण
4. महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल	2019-20 से	1-12	अंग्रेजी माध्यम RBSE पैटर्न
सैनिक स्कूल		6-12	CBSE पैटर्न • राजस्थान का प्रथम - चितौड़गढ़ 2nd - दौरासर (झुंझुनू) 3rd - हल्दीना (अलवर)
आदर्श विद्यालय योजना	2015	माध्यमिक उच्च माध्यमिक	प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर शहरो में भी लागू
PM श्री विद्यालय योजना (कुल - 402 स्कूल)	07 Sep. 2022	1- माध्यमिक 1- प्रारंभिक	राज्य के प्रत्येक ब्लॉक / ULB से दो विद्यालयों का ऑनलाइन पोर्टल से चयन।
लैब विद्यालय (प्रत्येक लैब विद्यालय को डाइट के किसी फैकल्टी द्वारा गोद)			प्रत्येक जिले के 3-आदर्श एवं 3- उत्कृष्ट विद्यालयों का चयन।
महिला शिक्षण विहार (झालावाड़ में संचालित) (100 महिला)		दसवीं तक	• आवासीय विद्यालय • 15-30 आयु वर्ग की तलाकशुदा, विधवा, आदिवासी महिलाओं हेतु
आदर्श वेद विद्यालय (संभाग स्तर पर)			• रैवासा (सीकर) में संचालित आदर्श वेद विद्यालय की तर्ज पर।

योजनाएं

(1) निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण योजना :-

- राज्य पुस्तक मण्डल जयपुर के माध्यम से संचालित ।
- सभी राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8
- 9 से 12 वीं - SC/ST/लड़कियाँ
- वे छात्र जो कर जिनके माता-पिता भुगतान दायरे से बाहर है

→ को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण

(2) विद्यार्थी सुरक्षा दुर्घटना बीमा योजना :-

- सभी राजकीय स्कूल (कक्षा 1 से 8 के विद्यार्थी)
- कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय
- मेवात बालिका विद्यालय + वैकल्पिक शिक्षा आवासीय विद्यालय

→ में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर लागू

- वित्त वर्ष 2022-23 में राजस्थान चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में शामिल कर दिया।

(3) विधवा/परित्यक्ता महिलाओं हेतु मुख्यमंत्री संबल योजना :-

- निजी प्रशिक्षण संस्थानों में दो वर्षीय डिप्लोमा इन अर्ली एजुकेशन (DLED) का अध्ययन करने वाली महिला विधवा/परित्यक्ता को 3000 ₹ रिफंड ।

(4) भामाशाह सम्मान समारोह :- 1 जनवरी 1995 से

- उद्देश्य - स्कूल के शैक्षिक, सह-शैक्षिक और भौतिक विकास में योगदान करने के लिए दानदाताओं को प्रेरित करना ।

(5) स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम :-

- राजकीय/गैर राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्वास्थ्य परीक्षण
- UNICEF द्वारा किशोरी आयु की बालिकाओं (10-19 आयु वर्ग) के लिए एनिमिया नियंत्रण का एक अलग कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

(6.) ज्ञान संकल्प पोर्टल -

- उद्देश्य - सरकारी स्कूलों को भामाशाह की सहायता से वित्तीय सहायता प्रदान कर बुनियादी ढाँचे को मजबूत करना।
- इस पोर्टल के माध्यम से भामाशाह द्वारा दी गई राशि CSR (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) में सम्मिलित होगी।

➡ नेशनल अचीवमेंट सर्वे. 2021 :-

- NCERT दिल्ली द्वारा जारी कक्षावार सीखने के परिणामों मे राजस्थान की कक्षा- 3,5,8 में शैक्षिक गुणवत्ता का औसत स्कोर राष्ट्रीय स्कोर से भी अधिक रहा है।

(7) समग्र शिक्षा अभियान :-

- भारत सरकार का फ्लैगशिप कार्यक्रम
- राजस्थान में राज. स्कूली शिक्षा परिषद के माध्यम से संचालित
- केन्द्र : राज्य = 60:40
- समग्र शिक्षा अभियान 2.0 → 4 Aug 2021 से

➡ निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 :-

- राज्य में 1 अप्रैल 2010 से लागू
- निजी विद्यालयों में कमजोर वर्ग हेतु 25% सीटे आरक्षित।
- आयु सीमा 2.5 लाख ₹ (RTE 2009 की धारा 12(c) के अनुसार)

(8) बाल वाटिका :-

- 4 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए पूर्व प्राथमिक शिक्षा हेतु 1 वर्षीय अध्ययन
- प्रथम चरण में जहाँ आंगनबाड़ियों का समन्वय नहीं है, उन्हें चयनित किया गया। (1090 विद्यालय)
- NEP-2020 के अनुसार प्रावधान

➡ "एक भारत श्रेष्ठ-भारत कार्यक्रम" - 30 मार्च, 2025

↳ राजकीय विद्यालयों में 30 मार्च 2025 (राजस्थान दिवस) को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।

प्री मेट्रिक छात्रवृति–

- लाभार्थी- SC/ST/OBC/SBC/DNT सीमान्त क्षेत्र (OBC) के छात्रों के लिए।

(1) मुख्यमंत्री निःशुल्क यूनिफॉर्म फेब्रिक वितरण योजना :- (बजट 2023-24)

- समग्र शिक्षा केन्द्र : राज्य = 60:40
- अन्य राज्य सरकार (100%)

- 1 से 8 तक राजकीय विद्यालयों में फैब्रिक के 2 सेट

200 ₹ यूनिफॉर्म की सिलाई हेतु

(II) मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना :- 5 जून 2021

- वार्षिक आय 8 लाख ₹ से कम
- केवल 1 वर्ष तक लाभ मिल सकेगा ।
- min. 50% छात्राएँ
- 4 July 2022 को पोर्टल
- 30,000 विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा (बजट 2023-24)

छात्रवृति एवं पुरस्कार योजना

(1) इन्दिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार - सत्र 2019-20 से प्रारम्भ

➤ OBC/SC/ST/MBC/EWS/दिव्यांग/BPL – 8/10/12 कक्षा (कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय) में प्रत्येक जिले में प्रथम स्थान आने पर

- 8th – 40,000 ₹
- 10th – 75,000 ₹
- 12th – 1,00,000 + स्कूटी

➤ संस्कृत शिक्षा विभाग— कक्षा 8th, प्रवेशिका वरिष्ठ उपाध्याय की बोर्ड परीक्षा में राज्य स्तर पर प्रथम आने पर सम्मानित।

➤ 19 नवम्बर इंदिरा गांधी के जन्म दिवस पर

(२) कालीबाई मेधावी छात्रा स्कूटी योजना – उच्च शिक्षा विभाग द्वारा

- GEN/OBC/EWS/SC/ST अल्पसंख्यक छात्रा
- कक्षा 12th → RBSE 65% min.
  → CBSE 75% min.
- कक्षा 10th → ST वर्ग की छात्रा – min 65%
  → CBSE – 75%
- वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख से कम होनी चाहिए।

बजट २०२३-२४
- स्कूटी संख्या २०,००० से बढ़ाकर ३०,०००
- ई-स्कूटी का विकल्प

(3) देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना –

- उच्च शिक्षा विभाग द्वारा
- अति पिछड़े वर्ग (जैसे – बंजारा, गाड़िया लुहार, राईका, रेबारी, देवासी आदि)
- RBSE/CBSE – 12वीं परीक्षा - min 50% व प्रथम वर्ष में नियमित होना आवश्यक
- स्नातक के तीनों वर्षों में 10,000 ₹ वार्षिक
  स्नातकोत्तर के दो वर्षों में २० हजार वार्षिक
  – 50% marks आवश्यक
- वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख से कम होनी चाहिए।

- 1500 स्कूटी वितरण
- शेष को प्रोत्साहन राशि

(4) आपकी बेटी योजना :- 2004-05

- BPL
- माता-पिता में से एक की मृत्यु
- राजकीय स्कूलों में अध्ययनरत
- 1-8 कक्षा – 2100 ₹/year
  9-12 कक्षा – 2500 ₹/year

(5) मुख्यमंत्री हमारी बेटी योजना – 2015-16

- राजकीय विद्यालय
- BPL श्रेणी, अनाथ → जिले में 1st व 2nd
- न्यूनतम – 75% अंक
- कक्षा 11, 12 हेतु
- व्यावसायिक शिक्षा/प्रशिक्षण हेतु 1,15,000 ₹ तथा स्नातकोत्तर में 2,25,000 ₹ तक वित्तीय सहायता

(6) गार्गी पुरस्कार :- 1998

- 10th Class - 75% + all girls
- 6000 ₹ (3000 ₹ - 11th, 3000 ₹ - 12th)
- बसंत पंचमी को पुरस्कार वितरण
- विवेकानंद स्कूलों में 10 वीं में 8 से 10 CGPA पर भी ।

(7) राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस -

- प्रतिवर्ष 200 मेधावी छात्रों को
- विश्व के शीर्ष 150 महाविद्यालय में पढ़ने का मौका
- सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क - राज्य सरकार

बजट 2023-24 में 500 मेधावी छात्रो को

(8.) मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृति योजना -

- 12th प्रथम 1 लाख छात्र
- सामान्य छात्र - 500 ₹/month (वर्ष 5000 ₹)
- विकलांग छात्र - 1000 ₹/month (वर्ष 10,000 ₹)
- अल्पसंख्यक छात्र -1000 ₹/month (वर्ष 10,000 ₹)

शर्त - पारिवारिक आय 2.5 लाख से कम + अन्य कोई छात्रवृतियाँ लाभ नही

(9.) बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना -

- 24 Aug 2022 से
- VMOU/IGNU - दूरस्थ UG/PG/डिप्लोमा - छात्राओं को ट्यूशन फीस का पुनर्भरण

(10.) विधवा / परित्यक्ता मुख्यमंत्री (B.ed) सम्बल योजना -

- 17,880 ₹ की प्रतिपूर्ति
- सरकारी / निजी प्रशिक्षण संस्थान में

(11) निः शुल्क साइकिल वितरण योजना

➡ बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु कदम –

(1) बालिका शिक्षा फाउण्डेशन – स्थापना – 30 मार्च 1995
- मुख्यालय - जयपुर
- अध्यक्ष - मुख्यमंत्री
- उपाध्यक्ष – उपमुख्यमंत्री
- उच्च तकनीकी शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता

(2) मीना - राजू एवं गार्गी मंच :-
- सामाजिक मुद्दों जैसे बाल विवाह पर जागरूकता हेतु ।
- कक्षा 6 से 8 वी की बालिकाओं हेतु मीना राजू मंच ।
- कक्षा 9 से 12 की बालिकाओं हेतु गार्गी मंच ।

(3) शैक्षणिक किशोरी मेला :-
- विज्ञान और गणित पर विशेष ध्यान देने हेतु ।
- ब्लॉक, जिला, PEEO स्तर पर शैक्षणिक किशोरी मेला ।

- 11 अक्टूबर → अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस
- 24 जनवरी → राष्ट्रीय बालिका दिवस

(4) रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण - "सक्षम" –

सहयोग – राजस्थान पुलिस अकादमी जिला स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण
- नामांकन / ठहरात / सीखने में वृद्धि

(5) सुरक्षित विद्यालय सुरक्षित राजस्थान (SSSR) :-
- जेंडर संवेदी वातावरण एवं जागरूकता हेतु

(6) जेण्डर ऑडिट :-
- 5 आकांक्षी जिलों (बारां, धौलपुर, करौली, सिरोही, जैसलमेर) में बालिका शिक्षा हेतु ।

- 6 अधिक जेण्डर गेप वाले जिले (अलवर, बाड़मेर, भरतपुर, जालौर, जोधपुर, झालावाड़)

(7) आपणी लाडो :

- "बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ" कार्यक्रम → बालिका शिक्षा को बढ़ावा।
- नामांकन बढ़ाने हेतु राज्य के सभी 68,026 विद्यालयों में रैली का आयोजन।

शिक्षा मूल्यांकन हेतु

(A) एकीकृत शाला दर्पण :-

- स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान का लाईव डेटाबेस प्रबंधन जहाँ सभी सरकारी स्कूलों और शिक्षा कार्यालयों की जानकारी ऑनलाइन।

(B) शाला सिद्धि :- राष्ट्रीय योजना, स्कूल मूल्यांकन हेतु।

- प्रारम्भिक एवं माध्यमिक स्तरों पर विद्यालय सुधार हेतु।

(C) शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम :-

- NEP-2020 + निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए कक्षा 1 से 5 में अध्ययन कराने वाले शिक्षकों का 6 दिवसीय प्रशिक्षण।

(D) STARS योजना (स्ट्रेंथिंग टीचिंग लर्निंग एण्ड रिजल्ट फॉर स्टेट) :-

- "समग्र शिक्षा" के माध्यम से वर्ष 2020-21 में STARS कार्यक्रम की शुरूआत की गई।
- उद्देश्य - भारत के 6 राज्यों में स्कूली गुणवत्ता एवं शासन में सुधार लाना।
- केन्द्र : राज्य = 60:40
- विश्व बैंक द्वारा वित पोषित।

- राज्य मॉडल संसाधन कक्ष :-
  - समग्र शिक्षा के अन्तर्गत जयपुर एवं उदयपुर में स्थापित ।
  - विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को शैक्षिक एवं चिकित्सकीय सेवाएँ ।

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी

(1) Click योजना (कम्प्यूटर लिटरेसी इनिशिएटीव फॉर कॉम्प्रीहेंसीव नॉलेज) :-
- सरकारी स्कूलों के कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों को Computer प्रशिक्षण ।

(२) दीक्षा पोर्टल :-
- शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में
- ई-सामग्री वेब पोर्टल

(4) प्रोजेक्ट SMILE (Social Media Interface for learning Engagement) :-
- 13 अप्रैल २०२० को शुरू
- E-Learning को बढावा देने हेतु ।

(5) राजीव गांधी करियर पोर्टल :-
- 6 Feb 2019 को प्रारम्भ
- UNICEF का सहयोग
- जयपुर में देश का पहला केन्द्र
- करियर उन्मुख शिक्षा जागरूकता

(6) मिशन स्टार्ट– कक्षा 9-12 तक के विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग के द्वारा डिजिटल कंटेट उपलब्ध करवाना ।

↳ "ब्लेंडेड मोड ऑफ़ लर्निंग" का उपयोग करके शिक्षा को प्रभावी बनाना

वैकल्पिक स्कूली शिक्षा एवं औपचारिक शिक्षा प्रकोष्ठ :-

आवासीय / गैर आवासीय विशेष प्रशिक्षण शिविर

↳ 7-14 आयु वर्ग के बच्चे
- जिन्होंने कभी नामांकन नहीं करवाया
- विद्यालय बीच में छोड़ चुके
- जिन्हें विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता है

↳ जिला/ब्लॉक एवं कलस्टर संसाधन केन्द्र स्तर पर आयोजित

सीजनल छात्रावावास-

↳ आजीविका व पलायन से प्रभावित छात्रों की समस्या समाधान हेतु प्रवासी अवधि के दौरान SMC द्वारा प्रवासी छात्रावास की स्थापना।

आवासीय विद्यालय/ छात्रावास-

↳ अलवर, बाड़मेर, भरतपुर, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, जालौर। बेघर, गरीब, अनाथ छात्रों के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 3 एवं शहरी क्षेत्र में 1 आवासीय छात्रावास सुविधा।

ट्रांसपोर्ट एस्कॉर्ट सुविधाएं :-

- कक्षा 1-5
  - 1-Km से दूर
- कक्षा 6-8
  - 2 Km से दूर हेतु
- कक्षा 9-12
  - 5Km से दूर हेतु
  - ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों
- उच्च शिक्षा
  - बजट 2023-24

राजकीय स्कूलों को अनुदान-

- पुस्तकालय अनुदान
  - पढ़े भारत-बढ़े भारत के तहत
- खेल अनुदान
  - खेले इंडिया- खिले इंडिया के तहत
- कम्पोजिट स्कूल अनुदान
- ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र (BRC)
- संकुल सन्दर्भ केन्द्र (CRC)

सपोर्ट टू S·C·P·C·R (बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए राज्य आयुक्त) :-

- RTE Act· 2009 के तहत शिकायत निवारण को मजबूत व बाल अधिकारों की रक्षा के लिए गतिविधि।
- नोडल एजेंसी – बाल संरक्षण हेतु राज्य व राष्ट्रीय आयोग।

युथ एवं ईको क्लब :-

- छात्रों में जीवन कौशल व पर्यावरण से जुड़ाव क्षमता हेतु।
- माध्यमिक शिक्षा विद्यालयों में गठन।

स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट योजना :-

- पुलिस एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संचालित
- उद्देश्य – विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर सजग एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना।
- योजना के संचालन के लिए प्रतिविद्यालय 50,000 राशि।
- केन्द्र : राज्य = 60:40

सपोर्ट फॉर एज ग्रुप 16-19–

औपचारिक शिक्षा पूर्ण नहीं कर चुके विद्यार्थियों को राजस्थान स्टेट ऑपन स्कूल (RSOS) एवं NIOS के माध्यम से 10 वी-12वीं के शिक्षण व परीक्षा का आयोजन।

साक्षरता एवं सतत शिक्षा

(1) उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम :-

- भारत सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2022 से लागू
- राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के व्यक्तियो को साक्षर बनाने का अभियान
- स्वयंसेवक आधारित जन अभियान
- केन्द्र : राज्य = 60:40

(२) ई-कक्षाएँ-

शुरुआत- 8 सित. 2023 (अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस)

- संचालन - साक्षरता विभाग
- मिशन ज्ञान के सहयोग से 2 youtube चैनल (ई-साक्षरता व साक्षर राजस्थान) प्रारंभ किए गए।

(३) महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं अध्ययन कक्ष :-

- बजट 2021-22 में साक्षर भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत घोषणा
- संख्या- 14,970
- गांधी जी के जीवन दर्शन को जन-जन तक पहुँचाने व पढ़ने में रूचि बढ़ाने हेतु।
- प्रभारी - प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, ग्राम पंचायत स्तर पर ।

संस्कृत शिक्षा :-

- 1958 में पृथक संस्कृत निदेशालय व 1998 में पहला संस्कृत विश्वविद्यालय की शुरुआत।
- राजस्थान में कुल 2250 संस्कृत संस्थान हैं।
- महापुरा, जयपुर में 'राजस्थान राज्य संस्कृत शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (SSIERT) संचालित है।

सावित्री बाई फुले वाचनालय -

- सभी जिला पुस्तकालयों में स्थापित किए गए।
- प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए विशेष सुविधा ।

अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु-

◎ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों हेतु गतिविधियाँ (CWSN)-

- CWSN को मुख्य धारा में लाना और सामाजिक बनाना एवं नामांकन, प्रतिधारण व एकीकरण में सुधार करना ।

समुदाय जागृति दिवस-

SMC- SDMC की प्रत्येक माह आयोजित बैठकों को उद्देश्यपरक सफल संचालन एवं मॉनिटरिंग हेतु विद्यालय विकास प्रबन्धन समिति की तीन बैठके निर्धारित दिन को आयोजित कर 'समुदाय जागृति दिवस' के रूप में राज्य के सभी विद्यालयों में आयोजित।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

- स्थिति
- योजनाएँ / मिशन / अभियान / कार्यक्रम

राज्य में स्थिति - 31 मार्च, 2024 तक

मेडिकल कॉलेज - 35
- 6- राजकीय
- 1- RUHS
- 17- राजमेस
- 1- ESI कॉलेज, अलवर
- 1- AIIMS, जोधपुर
- 3- निजी

चिकित्सालय
• 43- जिला
• 71 - उपजिला
• 16 - सैटेलाइट
• 47 - अन्य

निरोगी राजस्थान अभियान :-

- 18 Dec. 2019
- उद्देश्य - राजस्थान के समस्त नागरिकों की स्वास्थ्य समस्याओ और रोकथाम
- यह एक जागरूकता कार्यक्रम है।

गतिविधियाँ-

1. जनसंख्या नियंत्रण (परिवार कल्याण कार्यक्रम)
2. वृद्धावस्था में स्वास्थ्य देखभाल
3. खाद्य पदार्थ एवं मिलावट

4. गैर संचारी रोग
5. टीकाकरण एवं व्यस्क टीकाकरण (सम्पूर्ण टीकाकरण)

स्वास्थ्य मित्र :-

- राज्य के प्रत्येक राजस्व ग्राम वार्ड में एक स्वास्थ्य मित्र (महिला व पुरुष) का चयन कर प्रशिक्षण दिया गया।
- बिना पारिश्रमिक के कार्य करेंगे।
- जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु।

मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना :- 1 अप्रैल, २०२२ से

- निःशुल्क दवा एवं निःशुल्क जाँच योजना का विस्तार है।
- मेडिकल कॉलेज से जुड़े विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर इनडोर और आउटडोर मरीजो को निःशुल्क आवश्यक दवाएं एवं जांच सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।
- १२५२ औषधियाँ + ५२१ सर्जिकल आइटम + १५१ सूचर्स आइटम सूचीबद्ध हैं।

मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना :-

- २ अक्टूबर २०१। से प्रारम्भ।
- चिकित्सकों व स्वास्थ्य केन्द्रों के सभी रोगियों की आवश्यक दवाइयाँ (निःशुल्क)
- आउटडोर व इनडोर मरीज
- राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन (RMSC) - खरीद हेतु नोडल एजेंसी
- सभी जिलों में 'जिला ड्रग वेयर हाउस'

मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना :-

- 7 अप्रैल २०13 से प्रारम्भ (7 April - World health day)

शुद्ध के लिए युद्ध अभियान :-

- २6 अक्टूबर २०२०
- उद्देश्य :- राज्य के सभी उपभोक्ताओं को शुद्ध खाद्य वस्तु उपलब्ध कराना।
- 15 फरवरी, २०२५ से निरंतर "शुद्ध आहार मिलावट पर वार" अभियान चलाया जा रहा है।

→ सूचना की सही जानकारी देने पर 51,000₹ का ईनाम।

राजस्थान जननी शिशु सुरक्षा योजना –

→ 108 टोल फ्री निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा योजना सितम्बर, 2008 में।
→ गर्भवती महिलाओं व शिशुओं को निःशुल्क चिकित्सा व अन्य सुविधा।
→ 104 = जननी एक्सप्रेस सेवाएँ।
→ N.F.H.S-5 के अनुसार राज्य में कुल प्रजनन दर (T.F.R) 2.0 के राष्ट्रीय स्तर की बराबरी कर ली है।

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना :- 1 May 2021

→ पूर्व नाम- "मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना"

→ उद्देश्य –
- चिकित्सा सेवाओं के लिए सरकारी + निजी सूचीबद्ध अस्पतालों में कैशलेस उपचार
- स्वास्थ्य देखभाल हेतु परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना

- NFSA
- SECC
- छोटे सीमांत किसान
- संविदा कर्मी
- COVID अनुग्रह योजना
- EWS

} → निःशुल्क एवं शेष 850₹ प्रतिवर्ष (प्रति परिवार)

[प्रीमियम की शेष राशि का भुगतान सरकार द्वारा किया जायेगा (₹1115)]

→ प्रतिवर्ष परिवार बीमा राशि 25 लाख ₹
- बीमा मोड- 5 लाख ₹
- ट्रस्ट मोड- 20 लाख ₹

→ इस योजना में कुल 1806 उपचार पैकेज शामिल हैं। (सर्वे 2023-24 के अनुसार)
→ चिकित्सालयों में भर्ती होने के 5 दिन पूर्व तथा 15 दिन पश्चात का खर्च शामिल।
→ सरकारी निजी चिकित्सालयों में कैशलेस सुविधा।
→ इसी के साथ प्रदेश निःशुल्क यूनिवर्सल हेल्थ केयर उपलब्ध करवाने वाला एकमात्र राज्य बन गया है।

- बजट घोषणा २०२४ के अनुसार कैंसर के 73 Day केयर पैकेज योजना में शामिल है।
- नया चरण → 30 जनवरी २०२३ से शुरू, प्रीमियम राशि - 1965 ₹/परिवार

मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना :-

- 1 may २०२२ में
- चिरंजीवी परिवारों का 5 लाख ₹/परिवार का निःशुल्क दुर्घटना बीमा।
- 7 प्रकार की दुर्घटना को शामिल किया गया है।
- मृत्यु पर 5 लाख ₹, हाथ-पैर या आंख में से कोई अंग नष्ट हो जाने पर 3 लाख ₹, इनमें से 1 अंग नष्ट होने पर 1.5 लाख ₹।

चिरंजीवी जीवन रक्षक योजना :-

- सभी प्रकार के यातायात सड़क दुर्घटना पीड़ितों को ७२ घंटे तक निःशुल्क आपातकालीन उपचार
- जीवन बचाने वाले को 5000 ₹ व प्रशस्ति पत्र। (बजट-२०२४-२५ = 10,000 ₹)

RGHS (राज. सरकार स्वास्थ्य योजना) :- (CGHS की तर्ज पर)

- 1 जुलाई २०२१ से शुरू
- राज्य के मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, अखिल भारतीय सेवाओं के सेवारत व सेवानिवृत्त अधिकारी, राज्य सरकार के सेवारत कर्मचारी व पेंशनभोगी व उनके व्याश्रित, राज्य स्वायत निकाय सेवारत कर्मचारी और पेंशनभोगी शामिल है।
- कैशलेस ईलाज
- सरकारी/सूचीबद्ध निजी अस्पताल/राज्य से बाहर 10 से अधिक निजी अस्पतालों में सुविधा उपलब्ध
- पंजीकरण जन आधार के माध्यम से किया जा सकता है।
- ऐलोपेथी के अलावा AYUSH भी शामिल।
- यह पूर्ण रूप से ऑनलाइन स्वचालित, पेपरलेस योजना
- मोबाइल App – RGHS कनेक्ट

राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम :-

- सभी जिले फ्लोरोसिस से प्रभावित है।
- वर्तमान में 30 जिलो में योजना संचालित ।
- भारत में फ्लोरोसिस से प्रभावित क्षेत्र का लगभग 50% राजस्थान से है।

राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम :-

- केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2014-15 में शुरू
- उद्देश्य - मुख स्वास्थ्य मे सुधार एवं ग्रामीण एवं शहरी आबादी में मुख स्वास्थ्य की सेवाओ में उपलब्ध असमानता को कम करना ।

आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र / मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र :-

- उद्देश्य - ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना ।
- वर्तमान में कुल 685 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को आदर्श-प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो के रूप में विकसित किया गया है।

आयुर्वेद एवं अन्य चिकित्सा पद्धतियाँ :-

- 123 आयुर्वेद चिकित्सालय, 83 ब्लॉक आयुष चिकित्सालय, 3 योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय
- अजमेर में राजस्थान आयुष अनुसंधान केन्द्र की स्थापना ।
- राजस्थान राज्य आयुष सोसाइटी का गठन – मार्च, 2015

कर्मचारी राज्य बीमा योजना (ESI) :-

- निजी क्षेत्र के कर्मचारियों व उनके आश्रितो हेतु ।
- 10 कर्मचारियों वाली संस्थान पर लागू जिनका वेतन 21 हजार प्रतिमाह तक हो ।
- विशिष्ट प्रकार की सामाजिक सुरक्षा योजना
- कर्मचारी के साथ-साथ उनके पति/पत्नी, आश्रित पुत्र (21 वर्ष तक) आश्रित अविवाहित पुत्री शारीरिक एवं मानसिक रूप से विकलांग बच्चे व आश्रित, माता-पिता को चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है।
- वर्ष 2023-24 के दौरान 50 बैड वाले 3 चिकित्सालय (जोधपुर, पाली, भीलवाड़ा) और 74 औषधालयों द्वारा चिकित्सा सेवा प्रदान ।

खसरा - रूबेला अभियान :- भारत सरकार द्वारा

↳ २२ जुलाई २०१३ से प्रारम्भ

↳ उद्देश्य - २०२३ तक खसरा/रूबेला (जन्मजात) उन्मूलन ।

↳ ९ माह से १५ वर्ष के बच्चों का टीकाकरण ।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन :-

↳ राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) व राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (NUHM) इसके उपमिशन हैं।

- आशा सहयोगिनी :- मान्यता प्राप्त सामाजिक कार्यकर्ता जिसका कार्य स्वास्थ्य जागरूकता फैलाना है।

- ऊषा :- शहरों में आशा सहयोगिनी का नाम । (चयन → ग्रामसभा द्वारा)

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) :-

↳ इसके तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों, राजकीय विद्यालयों तथा मदरसों पर १८ वर्ष तक के सभी बच्चो की Four D's Defects at birth Disease, Deficiencies, Developmental delays Disabilities की जाँच एक समर्पित मोबाइल स्वास्थ्य दल के माध्यम से की जा रही है।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम :-

(१२ उच्च प्राथमिकता वाले जिलो में)

↳ शुरूआत = ७ जनवरी, २०१५

↳ राज्य के १२ जिलों में ३३२ सुविधाओं में किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक "उजाला क्लिनिक" स्थापित किए गए है।

आयुष्मान आरोग्य मन्दिर-

↳ आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी उप-स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को 'आयुष्मान आरोग्य मन्दिर' (SHC-AAM) के रूप में क्रियाशील करने का निर्णय लिया गया है।

↳ राज्य में १३१। आयुष्मान आरोग्य मन्दिर कार्यरत है।

↳ राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति - २०१७ के तहत ।

शहरी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर -

↳ उद्देश्य - राजस्थान की शहरी गरीब और कमजोर आबादी को उच्च गुणवत्ता वाली प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना, जहाँ कोई स्वास्थ्य सुविधा नहीं है।

↳ पहले इसे "जनता क्लिनिक" के नाम से जाना जाता था।

↳ प्रत्येक आयुष्मान मन्दिर लगभग २०,००० जनसंख्या को कवर करेगा।

↳ वर्तमान में राज्य में ३५६ शहरी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर संचालित है।

ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति (VHSC) :- संयोजक - आशा सहयोगिनी

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम -

इसके अन्तर्गत शिविर आयोजित कर रोगियों का उपचार किया जाता है।

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम -

↳ राज्य में ३५५ Blood Bank
- → 58 राज्य सरकार
- → 7 केन्द्र सरकार
- → 179 निजी क्षेत्र

राष्ट्रीय आयुष्मान मिशन -

↳ आयुष मंत्रालय, भारत सरकार

↳ राज्य में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों के सर्वांगीण विकास हेतु राजस्थान राज्य आयुष सोसायटी और राष्ट्रीय आयुष मिशन कार्यालय की स्थापना।

राजस्थान जननी शिशु सुरक्षा योजना -

↳ गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को निःशुल्क चिकित्सा उपलब्ध करवाना।

↳ सहयोग - भारत सरकार

☞ जननी एक्सप्रेस → कॉल नम्बर - 104, 108

☞ एम्बुलेंस सेवा योजना → कॉल नम्बर - 108

ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण समिति-

↳ सरपंच / वार्डपंच की अध्यक्षता में 43,440 ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समितियों का गठन।

टेलीकन्सलटेशन (ई-संजीवनी):-

↳ इसे केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, सी-डैक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा डिजाइन व विकास

↳ 1 May 2020 - E-Sanjeevani opd पोर्टल → पेसेन्ट टू डॉक्टर

↳ esanjeevanihwc पोर्टल लॉन्च → इसे हब & स्पोक मॉडल भी कहते है।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

1. आयोडिन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम-

↳ प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को राज्य के समस्त जिलों में "Global Iodine Deficiency Day" के रूप में मनाया जाता है।

2. तम्बाकू मुक्त युवा अभियान-

↳ 31 मई से 31 जुलाई, 2023 तक पूरे भारत में "राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम" के अन्तर्गत संचालित हुआ।

↳ तंबाकू नियंत्रण गतिविधियों में राजस्थान प्रथम (तंबाकू नियंत्रण उत्कृष्टता पुरस्कार)

3. 9 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस थीम - (वसुधैव कुटुंबकम)

4. राज्य स्तरीय आरोग्य मेला - दूदू

राजस्थान स्वास्थ्य संकेतक प्रवृतियाँ

संकेतक	राजस्थान		भारत	
	NFHS-4 (2015-16)	NFHS-5 (2020-21)	NFHS-4 (2015-16)	NFHS-5 (2020-21)
1. नवजात मृत्यु दर (NNMR) (प्रति 1000 जीवित जन्म)	29.8	20.2	29.5	24.9
2. शिशु मृत्यु दर (IMR) (प्रति 1000 जीवित जन्म)	41.3	30.3	40.7	35.2
3. 5 वर्ष से कम आयु की मृत्यु दर (U5MR) (प्रति 1000 जीवित जन्म)	50.7	37.6	49.7	41.9
4. कुल प्रजनन दर (TFR) (प्रति महिला बच्चे)	2.4	2.0	2.2	2.0
5. संस्थागत जन्म प्रतिशत	84.0	94.9	78.9	88.6
6. पूर्ण टीकाकरण प्रतिशत	54.8	80.4	62.0	76.4

बजट 2024-25

1. बीकानेर, अजमेर, भरतपुर के इंजिनियरिंग कॉलेजों का उन्नयन कर राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (RIT) स्थापित करना।
2. विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को 'कुलगुरू' की पदवी।
3. राजकीय विद्यालयों में कक्षा-8, 10, 12 में राज्य तथा जिला स्तर पर मेरिट में आने वाले 33,000 विद्यार्थियों को-
   "3 साल इंटरनेट कनेक्शन के साथ टेबलेट"
4. महाराजा आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर-
   - 10 करोड़ की लागत से उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में
   - उद्देश्य- ज्योतिष एवं वास्तु विद्या के अध्ययन एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना।

राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन- प्रदेशवासियों को बेहतर Medical Consultancy और स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध करवाने के लिए 'e-Health Record' प्रस्तावित।

- बजट का 8.26% – चिकित्सा व स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए
- MAA Yojna (मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना)
- MAA वाउचर योजना- गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच के लिए
  - प्राईवेट सेंटरों पर निः शुल्क सोनोग्राफी की सुविधा।
  - महिलाओं को QR-आर कोड आधारित ई- वाउचर मिलेगा।
  - 3 लाख गर्भवतियों को लाभ।
- प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में- आयुष्मान मॉडल CHC
- MAA Health Infrastructure मिशन – चिकित्सा सुविधाओं के उन्नयन के लिए

- आयुष्मान टावर - SMS चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर
- Center of Excellence for Medical Genetics → जे.के लोन अस्पताल, जयपुर में Rare diseases के निदान एवं उपचार हेतु।

- प्रत्येक विधानसभा में 5 नयी आंगनवाड़ी

बच्चों को सप्ताह में तीन दिन दूध

2000 केन्द्रों का आदर्श आंगनवाड़ी के रूप में उन्नयन

250 माँ - वाड़ी केन्द्रों की स्थापना

* Rare disease fund- 50 cr.₹

Spring Board ACADEMY

अध्याय - 9 " सामाजिक सेवाएँ "

" सरकार द्वारा व्यक्तिगत और सामूहिक कल्याण को बढ़ाने, समुदायों में समानता और अवसर को बढ़ावा देने में मदद करना है।"

जलापूर्ति

जल जीवन मिशन :-

- 15 अगस्त 2019 से शुरूआत
- लक्ष्य - वर्ष 2024 तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति करना है।
- केन्द्र : राज्य = 50 : 50
- जलशक्ति मंत्रालय द्वारा
- राज्य में क्रियान्वयन

- भारत के संविधान में 73 वें संशोधन में पेयजल विषय को 11 वीं अनुसूची में रखा गया है। इसलिए JJM के तहत ग्राम पंचायते और स्थानीय समुदायों की अहम भूमिका है।

खाद्य आपूर्ति

(1) PM पोषण योजना (मिड-डे- मील योजना)-

उद्देश्य →
- नामांकन बढ़ाना
- बच्चों को पोषण सम्बन्धी सहायता प्रदान
- विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित करना।

- कक्षा 1 से 8 के बच्चों को →
  - सरकारी स्कूल
  - मदरसे
  - सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल
  - विशेष प्रशिक्षण केन्द्र

  } पर पोषण सुविधा

कक्षा 1 से 5 = 100 ग्राम / प्रतिदिन (गेहूं / चावल) न्यूनतम 450 कैलोरी + 12 gm प्रोटीन
कक्षा 6 से 8 = 150 ग्राम / प्रतिदिन (गेहूं / चावल) न्यूनतम 700 कैलोरी + 20 gm प्रोटीन

- 1995 में प्रारम्भ — कक्षा 1 से 5 तक → 2007 — कक्षा 1 से 8 (शिक्षा मंत्रालय द्वारा)
- केन्द्र प्रायोजित योजना

* मिड डे मील में 'तिथि भोज / उत्सव भोज' योजना :-

- लोगों के जन्म दिवस जैसे उत्सव पर योगदान को प्रेरित करने हेतु ।

* मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना :-

- MDM केन्द्र पर
- कक्षा 1 से 5 - 15 gm मिल्क पाउडर से तैयार 150 ml दूध (चीनी 8.4 gm)
  कक्षा 6 से 8 - 20 gm मिल्क पाउडर से तैयार 200 ml दूध (चीनी 10.2 gm)
- राजस्थान कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड द्वारा 400 ₹/Kg, 1 Kg मिल्क पाउडर पैकिंग उपलब्ध करवाई जा रही है।
- सप्ताह में 6 दिन (वित्तीय वर्ष 2023-24 से)

(२) समेकित बाल विकास सेवाएँ (I.C.D.S) :-

- २ अक्टूबर, 1975 से बांसवाड़ा की गढ़ी पंचायत समिति से शुरूआत
- आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सेवाएँ –

1. पूरक पोषाहार – 6 माह से अधिक तथा 6 वर्ष की आयु के बच्चे, गर्भवती धात्री महिलाएं, 6-14 वर्ष की किशोरी बालिकाएं
२. बचपन और शाला पूर्व शिक्षा – 3-6 वर्ष की आयु के बच्चे
3. पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा — 15-45 वर्ष की महिलाएं व किशोरी बालिकाएं
4. टीकाकरण – 0-6 वर्ष के बच्चे एवं गर्भवती महिलाएँ
5. स्वास्थ्य जाँच – 0-6 वर्ष के बच्चे, गर्भवती, किशोरी
6. रेफरल सेवाएँ

↳ नन्द घर योजना :- ICDS में जनसहभागिता बढ़ाने के लिए

प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना :-

- गर्भवती महिला, नन्हे शिशु (0 से 6 माह) के स्वास्थ्य/पोषण में सुधार हेतु
- 5000 ₹ → दो किश्तों में (3000, 2000) → 1 अप्रेल २०२३ से
- दूसरे बच्चे के जन्म पर (यदि लड़की) एक मुश्त राशि = 6000 ₹

किशोरी बालिका योजना :-

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा
- परन्तु 1 अप्रैल २०२२ से राज्य के पाँच आकांक्षी जिलो (बारां, करौली, जैसलमेर, धौलपुर, सिरोही) में आयु वर्ग 14-18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं के आत्मविकास के लिए सहयोगात्मक वातावरण निर्माण हेतु ।

बाल अधिकारिता – २०13 में विभाग की स्थापना

मिशन वात्सल्य योजना :- व्यापक योजना है जिसका उद्देश्य बालकों/बालिकाओ हेतु संरक्षित परिवेश तैयार करना है।

↳ केन्द्र प्रवर्तित योजना (60:40)

खाद्य उपभोक्ता मामलात -

राजस्थान राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति लिमिटेड (RSFCSCL) :-

- 27 दिसम्बर, 2010 से कार्यरत
- कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत स्थापित
- अंत्योदय परिवारों को 1Kg चीनी वितरण
- RSFCSCL का उद्देश्य राज्य में PDS का प्रभावी क्रियान्वन है।
  चीनी वितरण के लिए नोडल एजेंसी ।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (NFSA) :-

- शुरूआत - 10 सितम्बर 2013 से
- स्टेट BPL 5 Kg/प्रति व्यक्ति/प्रतिमाह ⇒ 1₹/Kg { भारत सरकार - 2₹, राजस्थान सरकार - 1₹ (1 मार्च 2013 से)
  AAY 35 Kg/परिवार
- उद्देश्य - देश की 67% आबादी को भोजन उपलब्ध करवाना।
  - ग्रामीण 75%
  - शहरी 50%
- राशन डीलर की कोरोना से मृत्यु होने पर 50 लाख ₹ की घोषणा।
- बारां जिले की सहरिया, उदयपुर - कथौड़ी/खैरवा → प्रतिमाह/प्रति सदस्य → 950 ml घी, 500 ml खाद्य तेल, 500 gm दाल — निःशुल्क

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत जनवरी, 2024 से आगामी पाँच वर्षों तक अन्त्योदय राशन कार्ड धारी परिवारों को प्रति राशन कार्ड पर 35 Kg गेहूँ और अन्य पात्र लाभार्थियों को प्रति इकाई प्रतिमाह 5Kg उपलब्ध करवाया जा रहा है।"

वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना :-

- 4.10 करोड़ लाभार्थियों की आधार सीडिंग की चुकी है।
- वर्तमान में राज्य स्तरीय पोर्टेबिलिटी तथा अन्तर्राज्यीय पोर्टेबिलिटी लागू है।

रसोई गैस सिलेण्डर सब्सिडी योजना-

- शुरुआत- 1 जनवरी, २०२4
- लाभार्थी- BPL तथा PM उज्ज्वला योजना में शामिल निम्न आय वर्ग के परिवार
- लाभ - 450 ₹ में कुल-12 गैस सिलेण्डर (एक माह में एक)

रूट ऑप्टिमाइजेशन- राज्य की उचित मूल्य की दुकान एवं भारतीय खाद्य निगम (FCI) के गोदामों के बीच "जियो टैगिंग" के माध्यम से रूट ऑप्टिमाइजेशन करना।

योगदान - • केन्द्र सरकार
• राज्य सरकार
• वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (WFP)

↳ खाद्यान्न परिवहनकर्ता वाहनों की रियल टाइम मॉनिटरिंग हेतु GPS सोफ्टवेयर प्रयोग करेंगे।

उपभोक्ता मामलात विभाग -

- उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम २०19 के प्रावधानो के तहत राज्य/जिला स्तर पर उपभोक्ता विवाद निवारण मंच बनाए गए ।
- कुल = 37 जिला आयोग (सभी जिलों में 1, जयपुर-4, जोधपुर-२) एवं 6 क्षेत्रीय शाखाएँ (बीकानेर, कोटा, अजमेर, भरतपुर, उदयपुर, जोधपुर)
- हेल्पलाइन नं. 15 मार्च २०11 से
- ई-तुलामान रूप से वजन और माप की मरम्मत सम्बन्धी 12 सेवाएँ

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता

"राज्य, समाज के वंचित वर्गों के शैक्षिक और आर्थिक हितों की देखभाल और सामाजिक अन्याय और सभी प्रकार के शोषण से रक्षा करेगा।"

विद्यार्थियां हेतु

(1) उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्तियां :- ST/SC/OBC/EWS/MBC

- शर्तें – अभिभावकों की वार्षिक आय 2.5 लाख से कम
  – मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा विद्यार्थियों के अभिभावकों की आय 5 लाख ₹ तक

(2) छात्रावास सुविधा :- ST/SC/OBC/EWS/MBC को छात्रावास सुविधा

- इन छात्रावासो में आवास/भोजन, पोशाक, कोचिंग आदि निःशुल्क

(3) अम्बेडकर DBT वाउचर योजना :- वर्ष 2021-22 में प्रारम्भ

लाभार्थी → • ST/SC/OBC/EWS/MBC → जिला मुख्यालयों पर संचालित समस्त स्नातक/स्नातकोत्तर (केवल शैक्षणिक पाठ्यक्रमो कला, विज्ञान, वाणिज्य)

- राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी
- जो घर से दूर रहकर अध्ययन – 2000 ₹ प्रतिमाह (अधिकतम 10 माह तक)
  ↳ 500 अल्प संख्यक छात्रों को शामिल कर योजना का तिस्तार।

(4) आवासीय विद्यालय :- ST/SC/OBC/EWS/MBC

- पारिवारिक आय 8 लाख ₹ से कम
- आवास/भोजन/पोशाक/लेखन सामग्री/चिकित्सा निःशुल्क
- विभाग द्वारा ऐसे 37 आवासीय विद्यालय स्थापित

(1) मुख्यमंत्री कन्यादान योजना :-

- सहयोग एवं उपहार योजना का नाम परिवर्तित करके।
- [SC, ST, अल्पसंख्यक] BPL परिवार → 18+ आयु की पुत्री के विवाह पर 31,000 ₹
- अन्य वर्ग → BPL, विधवा, आस्था कार्ड धारक, महिला खिलाड़ी (स्वयं की शादी) → आदि को 21,000 ₹ अधिकतम 2 पुत्रियों तक

- यदि लड़की 10 वीं पास — 10,000 ₹] अतिरिक्त
  स्नातक पास — 20,000 ₹]

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएँ

केन्द्र सरकार द्वारा

योजना	शुरूआत, सरकार	लाभार्थी	
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना	19 Nov 2007 से केन्द्र सरकार	(BPL परिवार के 60+ आयु)	पेंशन - 1000 ₹ आयु / केन्द्र / राज्य <80 / 200 ₹ / 800 ₹ >80 / 500 ₹ / 500 ₹
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना	7 Oct 2009 केन्द्र सरकार	(BPL परिवार की 40+ आयु)	पेंशन - 1000 ₹/माह (40-79) 1500 ₹/माह (+79) आयु / केन्द्र / राज्य <80 / 300 ₹ / 700 ₹ >80 / 500 ₹ / 1000 ₹
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजना	24 Nov 2009 केन्द्र सरकार	BPL परिवार 18+ निःशक्तता	पेंशन - 1000 ₹/ (आयु - 18 से 79 वर्ष) 1250 ₹ / (>79 वर्ष) आयु / केन्द्र / राज्य <80 / 300 ₹ / 700 ₹ >80 / 500 ₹ / 750 ₹

राज्य सरकार द्वारा

नोट :- 75 वर्ष की आयु तक न्यूनतम 1000 ₹ पेंशन तथा प्रतिवर्ष 15% की स्वतः वृद्धि की घोषणा बजट 2023-24 में की गई है।

मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन	old age < Female 55+ / male 58+ वार्षिक आय - < 48000 ₹	1000 ₹ (सभी आयु वर्ग)
मुख्यमंत्री एकलनारी सम्मान पेंशन	विधवा, तलाकशुदा परित्यक्ता वार्षिक आय - < 48000 ₹	75 वर्ष तक — 1000 ₹ > प्रतिमाह 75+ — 1500 ₹
मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन	वार्षिक आय - < 60,000 ₹	75 वर्ष — 1000 ₹ 75+ — 1250 ₹ कुष्ठ / सिलिकोसिस — 1500 ₹
छोटे / सीमांत किसान वृद्ध सम्मान पेंशन	Age = Female 55+ Male 58+	1000 ₹

नोट:- सरकार द्वारा न्यूनतम पेंशन राशि 1000 ₹ से बढ़ाकर 1150 कर दी गई है।

पालनहार योजना :-

- ऐसे बच्चे जिनके माता पिता की मृत्यु (दोनो या दोनो में से एक) / आजीवन कारावास / कुष्ठ रोग / HIV से संक्रमित / दिव्यांग / परित्यक्ता / तलाकशुदा महिला के बच्चे
- सभी अनाथ श्रेणियों के लिए

योजनान्तर्गत

0-6 वर्ष आयु
- → आँगनबाड़ी जाने वाले अनाथ बच्चे – 1500 ₹ / माह
- → अन्य श्रेणी = 750 ₹ / माह (बजट 23-24)

6-18 वर्ष आयु
- → स्कूल जाने वाले अनाथ बच्चे – 2500 ₹ / प्रतिमाह
- → अन्य श्रेणी 1500 ₹ प्रतिमाह (बजट 2023-24)

- ऐसे बच्चों का उत्तरदायित्व लेने वाले व्यक्ति को 'पालनहार' माना जाएगा।

मुख्यमंत्री हुनर विकास योजना :-

बाल गृह / पालनहार > के बच्चों की उच्च शिक्षा / व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा हेतु

डॉ. सविता बेन अन्तर्जातीय विवाह :-

- केन्द्र का हिस्सा – 1.25 लाख ₹
- दम्पति को 10 लाख ₹

{ SC युवक / युवती weds सवर्ण युवक / युवती }

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 —संशोधन→ 2015

→ उद्देश्य – अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों से छुआछूत करने, बेगार लेने, अपमान करने, शांती भंग करने, शारीरिक क्षति पहुँचाने, उनको अपनी कृषि भूमि से बेदखल करने वाले अपराधियों के लिए दण्ड का प्रावधान

→ दण्ड – 6 माह से उम्र कैद

↳ अन्य - पीड़ित व्यक्ति को सामाजिक व आर्थिक पुनर्वास
- राजस्थान में अनुसूचित जाति / जनजाति के लिए 36 विशेष न्यायालय संचा

संभाग मुख्यालयों पर नारी निकेतनों की स्थापना
↳ राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान, सुरक्षा, जीवनयापन हेतु

अन्त्येष्टि अनुदान योजना :- लावारिस शवो के अन्तिम संस्कार हेतु 5,000 ₹

वृद्ध कल्याण योजना :- राज्य के 32 जिलों में 58 वृद्धाश्रम संचालित
- केन्द्र / राज्य द्वारा सहयोग

नवजीवन योजना :-
- अवैध शराब व्यवसाय में लिप्त समुदायों के लिए वैकल्पिक अवसर
- कौशल विकास
  ऋण अनुदान
  निजी शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश
  उच्च शिक्षा
  } आदि की व्यवस्था

विधवा विवाह उपहार :-
- विधवा महिला से शादी करने पर सहायता

शुरूआत	2016-17	2019-20 से
15,000 ₹	30,000 ₹	51,000 ₹

उज्जवला योजना :-
- स्वयंसेवी संस्थानों की सहायता से संचालित
- देह व्यापार में लिप्त महिलाओं को रोकने, बचाने एवं सम्मानपूर्वक जीवन जीने हेतु

नोट- वर्ष 2022-23 से उज्ज्वला योजना और स्वाधार गृह योजना का विलय कर शक्ति सदन योजना नाम किया गया।

स्वाधार गृह योजना :- 2001-02 से

- MoWCD (GoI) द्वारा
- विपरीत परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाली महिलाओं को आश्रय प्रदान करना

शक्ति सदन योजना - (वर्ष 2022-23)

↳ स्वाधार गृह योजना व उज्ज्वला योजना का विलय कर।

मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना :-

- 25 जून 2021 को प्रारम्भ (संपूर्ण राज्य में)
- उद्देश्य- कोविड-19 महामारी के कारण राज्य में अनाथ हुए बच्चों, विधवा महिलाओं और उनके बच्चों को आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक सम्बल प्रदान करने हेतु।

अनाथ बालक / बालिका

- तात्कालिक सहायता 1 लाख ₹
- 18 वर्ष की आयु तक 2500 ₹/माह + 2000 ₹ वार्षिक
- 18 वर्ष पूर्ण 5 लाख ₹ + सरकारी नौकरी (बजट 2023-24)
- शिक्षा हेतु (12th तक नि:शुल्क शिक्षा)
  - अम्बेडकर DBT
  - बेरोजगारी भता योजना में प्राथमिकता

पिता की मृत्यु

विधवा महिला → 1 लाख ₹
→ 1500 ₹ पेंशन/माह
→ बच्चों को - 1000 ₹/माह + 2000 ₹ वार्षिक

मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना :- 5 जून 2021 को प्रारम्भ

↳ SC/ST/OBC/MBC/ अल्पसंख्यक, आर्थिक पिछड़ा वर्ग/विशेष योग्यजन की वार्षिक आय सीमा - 8 लाख ₹ से कम या माता-पिता राजकीय सेवा में हो, जिनका पे मेट्रिक्स लेवल -11 तक हो।

गाडिया लोहार कच्चा माल क्रय अनुदान सहायता योजना :- वर्ष २०13 - 14 से

- स्वावलम्बी बनाने हेतु एक बार अनुदान हेतु 10,000 ₹

विशेष योग्यजन

- २०11 में पृथक विभाग

छात्रवृति योजना :-

- राजकीय शिक्षण संस्थाओ में + नियमित छात्र
- वार्षिक आय २लाख ₹ से कम

मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार :-

- वार्षिक आय २लाख ₹ से कम (स्वयं स्वं परिवार की सभी स्रोतों से)
- 5 लाख ₹ तक का ऋण
- 50,000 ₹ की अनुदान राशि या ऋण का 50% राशि (जो भी कम हो)

सुखद दाम्पत्य जीवन :-

- विशेष योग्यजन (स्त्री/पुरूष) को विवाह पश्चात् 50,000 ₹ व आयोजक को २०,000 ₹

युवाओं द्वारा ४० प्रतिशत दिव्यांगता वाले विशेष योग्यजन को जीवनसाथी बनाने पर 5 लाख ₹ की आर्थिक सहायता।

संयुक्त सहायता अनुदान–

विशेष योग्यजनों (आयकर दाता नहीं हो) को स्वरोजगार हेतु आर्थिक सहायता व शारीरिक कमी को पूरा करने के लिए कृत्रिम अंग/ उपकरण प्रदान करना।

10,000 ₹ की आर्थिक सहायता को बढ़ाकर २०,000 ₹ (वर्ष २०२३-२५ में)

सिलिकोसिस पॉलिसी :- 3 अक्टूबर 2019

↳ इस नीति में सिलिकोसिस पीड़ित व्यक्ति को आर्थिक मदद के साथ साथ ऐसे कार्य स्थल एवं श्रमिकों की पहचान, उनके पुनर्वास, बीमारी की रोकथाम एवं नियंत्रण के उपाय अपनाये जायेंगे।

1. प्रमाणीकरण पर पुनर्वास हेतु – 3 लाख ₹
2. मृत्यु – आश्रित को 2 लाख ₹
3. पीड़ित को पेंशन – 1500 ₹/माह
4. मृतक की विधवा को पेंशन – 1150 से 1500 ₹ (आयु वर्ग के अनुसार)
5. अंतिम संस्कार – 10,000 ₹

आस्था योजना :-

- परिवार में 2 या 2 से अधिक व्यक्ति → दिव्यांगता 40% +
- इन्हें आस्था कार्ड जारी किए जाते है।
- इन परिवारों को BPL के समकक्ष सुविधाएँ उपलब्ध करवाने हेतु।

यूनिक डिसएबिलिटी आई. डी. कार्ड योजना –

↳ दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत

↳ विशेष योग्यजनों की सभी 21 श्रेणियों के सशक्तिकरण एवं कल्याण हेतु चिन्हित कर नि:शक्तता प्रमाणीकरण करना।

पदोन्नति में आरक्षण :- • 21 अक्टूबर 2021 से

- पदोन्नति में 4% आरक्षण
- सीधी भर्ती में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट।

दो दिव्यांग विश्वविद्यालय –

- बाबा आमटे विश्वविद्यालय, जामडोली (जयपुर)
- महात्मा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय, जोधपुर

कम्पोजिट रिजनल सेंटर - द्वारा - दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता
मंत्रालय, भारत सरकार)

उद्देश्य - दिव्यांगजनों के पुनर्वास हेतु समग्र क्षेत्रीय केन्द्र (कम्पोजिट रिजनल सेंटर - CRC)
- CRC जयपुर का संचालन स्वयं सिद्धा परिसर, जामडोली (जयपुर) में किया जा रहा है।

मानदेय में वृद्धि - वर्ष २०२३-२४ में राज्य में अनुदानित स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से संचालित शैक्षणिक संस्थाओं यथा दृष्टिबाधित विद्यालयों, विशेष विद्यालयों व छात्रावासों में कार्यरत कर्मियों के मानदेय में 15% वृद्धि की गई।

राजस्थान दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, २०१8 :-
- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम २०16 के क्रियान्वन हेतु नियम २4 जनवरी २०१9 को बनाए गए।
- सरकारी योजनाओं में आरक्षण 3% से बढ़ाकर 4%

मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना :- 5000 स्कूटी वितरण
- बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय, जयपुर में Center of Excellence for assistive tech की घोषणा (बजट २०२३-२4)
  ↳ इसी तर्ज पर जोधपुर में महात्मा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय (बजट २०२३-२4)

) कृत्रिम अंग / उपकरण हेतु :-
- गैर आयकर दाता विशेष योग्यजन को 10,000 रु {बजट २०२३-२4 में बढ़ाकर 20,000}

अल्पसंख्यक मामलात विभाग



अनुसूचित जाति और जनजाति उत्थान

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना :-

- केन्द्र प्रायोजित योजना
- समूह आधारित आजीविका परियोजनाओं के लिए 50,000 ₹ की अनुदान सहायता
- वार्षिक आय की कोई सीमा नही है।

जनजाति क्षेत्रीय विकास (TAD) :-

- जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

महिला सशक्तिकरण

(1) महिला विकास कार्यक्रम :-

- महिलाओं के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए कार्यकर्ता नियुक्त
- प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सभा द्वारा एक साथिन का चयन
- 'साथिन' (मानदेय महिला कार्यकर्ता)

(२) मुख्यमंत्री राजश्री योजना :-

- 1 जून, २016 से
- 6 किस्तों में 50,000 ₹
- जून २016 के बाद जन्मी लड़कियों को ।

(3) महिला शक्ति उड़ान योजना :-

- 19 दिसम्बर, २०२१
- उद्देश्य
  - प्रजनन आयु की लड़कियो / महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी नैपकिन
  - मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता ।

(4) महिला शक्ति निधि :- 18 दिसम्बर २019 को

➤ राजस्थान सरकार ने 1000 करोड़ ₹ के प्रावधान के साथ "महिला शक्ति निधि" की घोषणा की है।

- इस योजना के घटक निम्न हैं।
  - (i) MS उद्यम प्रोत्साहन योजना
  - (ii) MS प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन →
    - निःशुल्क RSCIT प्रशिक्षण
    - निःशुल्क RSCFA प्रशिक्षण
    - निःशुल्क Spoken English

अमृता हाट :- महिला एवं स्वयं सहायता समूहों (SHGs) द्वारा निर्मित उत्पादो के प्रदर्शन एवं विपणन के अवसर प्रदान करना ।

☞ **जागृति बैंक टू वर्क योजना :-**

- कामकाजी एवं व्यावसायिक क्षेत्र मे प्रशिक्षित महिलाएं जो पारिवारिक कारणो से काम या नौकरी छोड़ देती हैं, उन्हें पुनः रोजगार दिलवाना, वर्क फ्रॉम होम के अवसर उपलब्ध कराना ।
- निजी क्षेत्र के सहयोग से शुरू की जा रही हैं।

☞ **मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम (जॉब वर्क योजना) :-**

